दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा, मद्रास
दि. 20, फरवरी 2021

राष्ट्रभाषा प्रवीण उत्तरार्द्ध–2
RASHTRABHASHA PRAVEEN UTTARARDH–2

समय : 3 घंटे] **[पूर्णांक : 100**

1. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर कम से कम पचास-पचास पंक्तियों में लिखिए:- **30**

1) साहित्य शब्द की व्युत्पत्ति बताकर साहित्य की परिभाषा लिखिए और साहित्य के व्यापक और संकुचित अर्थ स्पष्ट कीजिए।
2) साहित्य का प्रभाव समाज पर पड़ता है - इस उक्ति का तर्कसंगत विवेचन कीजिए।
3) काव्य की आत्मा के बारे में भिन्न-भिन्न आचार्यों के मतों का परिचय दीजिए।
4) काव्य किसे कहते हैं? भारतीय और पाश्चात्य दोनों मतों का उल्लेख करते हुए सम्यक विवेचन कीजिए।

2. किन्हीं दो रसों को सोदाहरण समझाइए:- **10**

1) श्रृंगार रस 2) करुण रस 3) वीर रस 4) रौद्र रस

3. किन्हीं दो अलंकारों को सोदाहरण समझाइए:- **10**

1) अनुप्रास 2) यमक 3) श्लेष 4) वक्रोक्ति

4. किन्हीं दो छन्दों के लक्षण सोदाहरण लिखिए:- **10**

1) चौपाई 2) रोला 3) बरवै 4) दोहा

5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **30**

1) ज्ञान-विज्ञान के विविध क्षेत्र भाषा विज्ञान को किस प्रकार प्रभावित करते हैं? विवेचन कीजिए।
2) भाषा की उत्पत्ति के संबंध में प्रचलित विभिन्न मतों का उल्लेख करते हुए यह प्रतिपादित कीजिए कि उनमें कौन-सा मत समीचीन है?
3) भाषाओं का आकृतिमूलक या रूपात्मक वर्गीकरण प्रस्तुत करते हुए उसकी समीक्षा कीजिए।
4) देवनागरी लिपि के नामकरण के विभिन्न आधारों पर प्रकाश डालते हुए उसके उद्भव और विकास का विवेचन कीजिए।

6. किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए:- **10**

1) दैवी उत्पत्ति सिद्धांत
2) यो - हे - हो वाद
3) खड़ीबोली
4) हिन्दी और उर्दू

~ ~ ~ ~ ~ ~